संख्या 15011/36/2022-जेयूएस (एयू)/ई6889

भारत सरकार

विधि और न्याय मंत्रालय

न्याय विभाग

विषयः **न्याय विभाग से संबंधित नवंबर, 2022 माह का मासिक सार।**

न्याय विभाग की नवंबर, 2022 की महत्वपूर्ण गतिविधियां निम्नलिखित हैं।

1. **संविधान दिवस समारोह :** संविधान दिवस दिनांक 26-11-2022 को भारत के उच्चतम न्यायालय में मनाया गया था। भारत के माननीय प्रधानमंत्री उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि थे और भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय विदाई समारोह के मुख्य अतिथि थे। उद्घाटन समारोह के दौरान माननीय प्रधानमंत्री ने जिला न्यायपालिका के लिए ई-कोर्ट परियोजना से जुड़ी "वर्चुअल जस्टिस क्लॉक","जस्टिस मोबाइल ऐप 2.0","डिजिटल कोर्ट" एवं "एस 3 डवल्यू ए ए एस वेबसाइट" नामक चार नई पहलों का अनावरण किया।
2. **ई कोर्ट मिशन मोड परियोजना फेज-II**

   (क) **राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिडः** (एन जे डी जी) पर 01 नवंबर, 2022 तक के 21.44 करोड़ से अधिक मामलों और कंप्यूटररीकृत न्यायलयों से संबंधित 19.40 करोड़ से अधिक आदेशों/अधिनिर्णयों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

   (ख) **वर्चुअल कोर्टः** वर्चुअल न्यायालय द्वारा 2.21 करोड़ से अधिक मामलों की सुनवाई की गई और नवंबर, 2022 तक 30 लाख से अधिक मामलों में 325 करोड़ रुपए से अधिक का ऑनलाइन जुर्माना वसूला गया।

   (ग) **जस्टिस ऐप:** न्यायिक अधिकारियों के लिए इस मोबाइल ऐप को 01 नवंबर, 2022 तक 17664 व्यक्तियों द्वारा डाउनलोड किया गया है।

   (घ) **ई ताल:** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन एकत्रीकरण एवं विश्लेषण लेयर (ई-ताल) पोर्टल पर प्रकाशित डाटा के अनुसार ई-कोर्ट भारत में ट्रांजेक्शन काउंट पर शीर्ष 5 एम एम पी में से एक अग्रणी परियोजना है।

   (ङ) ई-कोर्ट परियोजना को जम्मू में 26 नवंबर, 2022 को ई-शासन पहलों के आदर्श कार्यान्वयन के लिए, प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के संरक्षण के तहत, निर्णय और आदेश सर्च पोर्टल के लिए "स्वर्ण श्रेणी" में राष्ट्रीय ई-शासन पुरस्कार 2021-22 दिया गया है।

3. **टेली लॉ कार्यक्रमः**

   (क) 30 नवंबर, 2022 तक 27,37,111 लाभार्थियों को कानूनी सहायता प्रदान की गई जिसमें नवंबर, 2022 माह में 1,65,048 लाभार्थी भी शामिल हैं।

   (ख) माह के दौरान 8,368 व्यक्तियों ने वी एल ई/पी एल वी राज्य समन्वयकों और पैनल वकीलों द्वारा 144 से अधिक जिलों में आयोजित 115 प्रशिक्षण और जागरूकता सत्रों/कैंपों में भाग लिया। (ग) देश

भर में टेली ला मोबाइल एपलिकेशन के लिए गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर, 2022 से आगे 04 माह की अवधि (अक्टूबर-नवंबर 2022 और जनवरी एवं फरवरी 2023) के लिए हितधारको के आधार का मूल्यांकन करने के लिए एस एम एस (हिंदी और अंग्रेजी) लांच किया गया था। नवंबर, 2022 माह में लक्षित नागरिकों को 50 लाख एस एम एस भेजे गए थे।

**4. न्याय बंधु कार्यक्रण (प्रो बोनो कानूनी सेवाएं)**

**(क)** माह के दौरान, 197 नए प्रो बोनो वकीलों ने न्याय बंधु मोबाइल एप्लीकेशन पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया। न्याय बंधु पोर्टल के अंतर्गत कुल 5202 वकील (पुरुष-4447, महिलाएं-753, ट्रांसजेंडर-02) पंजीकृत हो चुके हैं।

(ख) माह के दौरान, 42 नए वकीलों ने उच्च न्यायालयों में नामांकन किया है जिससे अब तक 25 उच्च न्यायालयों में कुल 1168 प्रो बोनो वकील हो गए हैं।

**5. विधिक साक्षरता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम (एल एल एल ए पी):**

(क) संविधान दिवस 2022 की पूर्व संध्या पर, न्याय विभाग द्वारा संविधान अधिकार और मौलिक कर्तव्यों पर एक वेबीनार श्रृंखला हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई थी जिसमें 37,481 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**(**ख) सेंटर फॉर कम्युनिटी इकोनॉमिक्स एंड डेवलपमेंट कंसल्टेंट्स सोसायटी जयपुर, राजस्थान ने राजस्थान के बारां जिले में महिलाओं, बच्चों और वृद्धों के अधिकारों पर 03 कानूनी जागरूकता कार्यक्रम, 10 पंचायत स्तर के संवेदीकरण सत्र, 04 धानी बैठकें आयोजित कीं गई थी।

(ग) भारतीय राष्ट्रीय विधि स्कूल विश्वविद्यालय, बेंगलुरु ने 5 नवंबर 2022 को कामकस विधि कॉलेज, गाजियाबाद में मौलिक एवं उपभोक्ता संरक्षण अधिकारों पर एक दिवसीय कानूनी जागरूकता कार्यशाला आयोजित की और भारतीय राष्ट्रीय विधि स्कूल विश्वविद्यालय बेंगलुरु में 26 नवंबर, 2022 को संविधान स्मारक दिवस पर व्याख्यान भी आयोजित किया।

xxxxxxxxxxx